भारतीय जनता पार्टी

(केंद्रीय कार्यालय)

6A, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

06 अप्रैल 2026, रविवार

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह द्वारा पुडुचेरी के मन्नादिपेट विधानसभा में आयोजित जनसभा में दिए गए संबोधन के मुख्य बिंदु

खड़गे जी ने पुडुचेरी के बारे में कहा था कि यह छोटा क्षेत्र है, सीट 30 हो या 300 हो, भाजपा-NDA के लिए कोई भी क्षेत्र छोटा नहीं होता है

NDA दो-तिहाई बहुमत से सरकार बनाकर पुडुचेरी को पूर्ण विकसित क्षेत्र बनाएगी

पुडुचेरी में एक तरफ़ एकजुट NDA है, दूसरी तरफ़ चुनाव से पहले ही आपस में लड़ने वाला इंडी अलायंस है

नारायणसामी की सरकार ने मेडिकल कॉलेज में पीजी और डिप्लोमा सीटें बेचीं, 15 हज़ार करोड़ के विकास फंड का घोटाला किया

कांग्रेस-डीएमके सरकार में पुडुचेरी में बेरोजगारी 47% पर पहुँच गई थी, जिसे NDA सरकार ने 4.3% पर लाया है

पुडुचेरी में NDA सरकार बनने पर मछुआरों को ₹8000 से बढ़ाकर ₹12000 और किसानों को ₹6000 से बढ़ाकर ₹9000 की राशि हर साल दी जाएगी

पुडुचेरी में NDA सरकार हर महिला किसान को एक दुधारू गाय और 2 दुधारू बकरी देगी

NDA सरकार ने पुडुचेरी में लैपटॉप बनाने की फैक्ट्री लगाई है, आने वाले दिनों में पूरी इंडस्ट्रियल कॉरिडोर पुडुचेरी में बनेगा और इसे ब्लू इकॉनमी का केंद्र बनाया जाएगा

6 अप्रैल, 2026

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने सोमवार को पुडुचेरी के मन्नादिपेट विधानसभा में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी 9 अप्रैल को पुडुचेरी में होने वाले चुनाव राज्य के भविष्य के लिए अत्यंत महत्त्वपूर्ण हैं और जनता को पूर्ण विश्वास के साथ नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में दूसरी बार एनडीए सरकार बनाने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी सहयोगी दलों को समर्थन देकर दो-तिहाई बहुमत से सरकार बनाइए, हम पुडुचेरी को पूर्ण विकसित और समृद्ध प्रदेश बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि एनडीए ने पहली पारी में कांग्रेस द्वारा छोड़ी गई गड्ढों को भरने का कमा किया, अब दूसरी पारी में सशक्त आधार पर तीव्र विकास की बहुमंजिला इमारत खड़ी की जाएगी।

उन्होंने कहा कि पाँच वर्ष पहले जब एनडीए यहाँ विजयी हुआ था, तब खरगे जी ने इसे छोटा क्षेत्र बताकर महत्त्व कम करने का प्रयास किया था। श्री शाह ने कहा कि सीटें तीस हों या तीन सौ, क्षेत्र का महत्त्व कम नहीं होता और भाजपा के लिए पुडुचेरी किसी भी अन्य क्षेत्र से कम नहीं है, यह भारत का अभिन्न अंग है।

श्री अमित शाह ने कहा कि मोदी सरकार के नेतृत्व में पुडुचेरी में जॉब फेयर के माध्यम से युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने कहा कि जहाँ एनडीए एकजुट होकर चुनाव लड़ रहा है, वहीं इंडी गठबंधन के दल आपसी संघर्ष में उलझे हुए हैं।

उन्होंने कहा कि सीपीआई और सीपीआई (एम) पहले ही गठबंधन छोड़ चुके हैं और डीएमके तथा कांग्रेस कई सीटों पर एक-दूसरे के विरुद्ध चुनाव लड़ रहे हैं, जबकि एनडीए के सभी घटक दल एकजुट होकर मैदान में खड़े हैं।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि पूर्ववर्ती वी नारायणस्वामी सरकार के दौरान मेडिकल कॉलेजों में पीजी और डिप्लोमा सीटों की खुलेआम बिक्री हुई । उन्होंने कहा कि कैग की रिपोर्ट के अनुसार कांग्रेस-डीएमके शासन में 15,000 करोड़ रुपये के विकास निधि में घपला हुआ, जो पुडुचेरी के तीन वर्षों के बजट के बराबर है। उन्होंने कहा कि उस समय बेरोजगारी दर 47 प्रतिशत तक पहुँच गई थी, जो एनडीए सरकार में घटकर 4.3 प्रतिशत रह गई है।

श्री अमित शाह ने कहा कि अभी दो दिन पहले राहुल गांधी ने पुडुचेरी में पेट्रोल-डीजल की कीमतों को लेकर भ्रामक बयान दिया। राहुल गांधी ने कहा कि अमेरिका और ईरान के युद्ध के कारण भारत में पेट्रोल के दाम बढ़कर 458 रुपये हो गए हैं और डीजल के दाम बढ़कर 520 रुपये हो गए हैं मगर वो भारत में नहीं पाकिस्तान में हुए हैं।

पूरी दुनिया में पेट्रोल और डीजल की किल्लत है, घर से काम करने की अनुमति दी गई है, मगर वैश्विक संकट के बावजूद भारत में में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में ईंधन की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है और कीमतों को नियंत्रित रखा गया है।

श्री शाह ने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में पुडुचेरी में औद्योगिक विकास को गति देने के लिए लैपटॉप निर्माण इकाई स्थापित की गई है, जो प्रतिवर्ष तीन लाख लैपटॉप का उत्पादन करेगी। उन्होंने कहा कि इसी दिशा में आगे बढ़ते हुए एनडीए सरकार पुडुचेरी में इंडस्ट्रियल कॉरिडोर का निर्माण करेगी, और इस क्षेत्र को ब्लू इकॉनमी का प्रमुख केंद्र बनाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि एनडीए के घोषणापत्र में मछुआरों के लिए फिशरीज़ बैंक सहायता को 8,000 रुपये से बढ़ाकर 12,000 रुपये करने का प्रावधान है। इसके साथ ही किसानों की सहायता राशि 6,000 रुपये से बढ़ाकर 9,000 रुपये तक ले जाने का संकल्प लिया गया है। उन्होंने कहा कि लिंगारेड्डीपलयम और अरिनूर की मिलों का पुनर्विकास पीपीपी

मॉडल के तहत किया जाएगा और प्रत्येक महिला किसान को एक दुधारू गाय तथा दो दुधारू बकरियां उपलब्ध कराई जाएंगी।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने जनता से आह्वान किया कि यह चुनाव पुडुचेरी के उज्ज्वल भविष्य और समग्र विकास के लिए निर्णायक साबित होगा, इसलिए 9 अप्रैल को कमल के निशान पर बटन दबाकर एक बार फिर एनडीए सरकार को प्रचंड बहुमत से विजयी बनाएँ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व को सशक्त करें।